# प्रधानमंत्री से भी शिकायत कर लो, जांच तो हम ही करेंगे...

# कोटर थाने के एएसआई का धमकाते हुए वीडियो वायरल

सतना।

जिले के कोटर थाने में पदस्थ एक एएसआई का दबंगई भरा अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।




वायरल वीडियो में पुलिसकर्मी ग्राम पंचायत अकौना के सरपंच पति को कथित तौर पर धमकाते नजर आ रहे हैं। वीडियो में एएसआई यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि-प्रधानमंत्री से भी शिकायत कर लो,जांच तो हम ही करेंगे।

### क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार,अकौना ग्राम पंचायत की सरपंच श्रद्धा सिंह ने बीट प्रभारी नरेश सिंह बघेल के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि बीट प्रभारी ग्रामीणों को बेवजह परेशान करते हैं। हैरान करने वाली बात यह रही कि इस शिकायत की जांच का जिम्मा भी संबंधित पुलिसकर्मी को ही मिल गया। आधी रात को सरपंच के घर पहुंचे एएस आई सरपंच पति अनुराग सिंह का आरोप है कि शिकायत से बौखलाए एएसआई रात के समय उनके घर पहुंचे और शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने लगे। अंधेरे के कारण वीडियो में चेहरा साफ नहीं है,लेकिन आवाज स्पष्ट है जिसमें वे उच्च अधिकारियों और प्रधानमंत्री तक का खौफ न होने की बात कह रहे हैं। फिलहाल,वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप है और अब सबकी नजरें पुलिस अधीक्षक की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन नागौद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



सतना।

कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शनिवार को निर्माणाधीन नागौद रेलवे स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने स्टेशन भवन,प्लेटफॉर्म और ट्रैक बिछाने के कार्यों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर मौजूद रेलवे और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से प्रोजेक्ट के वर्तमान स्टेटस की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता वाले मटेरियल का ही उपयोग किया जाए। साथ ही तय समय-सीमा के भीतर काम पूरा किया जाए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को जल्द से जल्द रेल सुविधा का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माणाधीन क्षेत्र में सुरक्षा के सभी पुख्ता इंतजाम होने चाहिए। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के विस्तारीकरण और पार्किंग व्यवस्था पर भी कार्य करने के सुझाव दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह, एसडीएम नागौद जितेन्द्र वर्मा सहित रेलवे के वरिष्ठ इंजीनियर और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# धान खरीदी केंद्रों पर 'लूट' का खेल: अन्नदाता की कमर तोड़ने में जुटा प्रशासन, क्या यही है सुशासन?

सतना।

कड़कड़ाती ठंड में खेतों को सींचने वाला अन्नदाता आज खरीदी केंद्रों की अव्यवस्था और भ्रष्टाचार की आग में झुलस रहा है। सतना जिले के धान खरीदी केंद्रों पर व्याप्त भारी अनियमितताओं को लेकर मध्य भारत मोर्चा के जिला अध्यक्ष जसविंदर सिंह भाटिया 'बब्बल' ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने प्रशासन की चुप्पी को 'मौन सहमति' करार देते हुए तीखा हमला बोला है।

### नियमों की धज्जियां: 'निशुल्क' सेवा के नाम पर वसूली

जसविंदर सिंह भाटिया ने सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कहा कि शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया निशुल्क होगी और बोरी वसलाई का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। लेकिन जमीन पर हकीकत इसके उलट है। केंद्र संचालक सरेआम किसानों की जेब पर डाका डाल रहे हैं और बोरी वसलाई के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। गरीब किसान अपनी मेहनत की कमाई इन बिचौलियों के हाथों लुटाने को मजबूर है।

### असरदारों की 'चांदी', किसानों की 'बर्बादी'

भाटिया ने खरीदी केंद्रों पर चल रहे भेदभाव को उजागर करते हुए कहा कि यहाँ दो तरह के कानून चल रहे हैं। रसूखदारों और 'असरदारों' के अनाज को बिना किसी देरी के ऊंचे दामों पर खरीदा जा रहा है,जबकि आम किसान हाड़ कंपा देने वाली ठंड में रातों-रात अपनी बारी का इंतजार कर रहा है। किसानों को जानबूझकर परेशान किया जा रहा है ताकि वे कम दामों पर अपनी उपज बेचने को विवश हो जाएं। यह बेहद शर्मनाक है कि जब किसान को उसकी मेहनत का फल मिलना चाहिए, तब उसे प्रशासन के दरवाजे पर न्याय की भीख मांगनी पड़ रही है। भ्रष्ट अधिकारियों और केंद्र संचालकों का यह गठजोड़ किसानों की आत्मा को कुचल रहा है।

### प्रशासन को अल्टीमेटम: या तो जांच, या फिर आंदोलन

मध्य भारत मोर्चा ने जिला प्रशासन से मांग की है कि तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को मौके पर भेजकर निष्पक्ष जांच कराई जाए।अवैध वसूली करने वाले केंद्र संचालकों पर एफ़आईआर दर्ज की जाए। किसानों की धान खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। श्री भाटिया ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही कुंभकर्णी नींद से जागकर ठोस कार्रवाई नहीं की,तो अन्नदाता सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। इसके बाद होने वाले किसी भी जन-आक्रोश की पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# नगर वन में अग्रवाल महिला मंडल ने पिकनिक के साथ मनाया नववर्ष का जश्न




सतना।

समाज की अग्रणी सामाजिक संस्था अग्रवाल महिला मंडल द्वारा शनिवार को नववर्ष के उपलक्ष्य में एक भव्य पिकनिक का आयोजन स्थानीय 'नगर वन' में किया गया। प्रकृति की गोद में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्था की महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी कर नए साल का स्वागत किया।

### मनोरंजक खेलों की रही धूम

संस्था की अध्यक्ष सीमा एवं सचिव पूजा के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस पिकनिक में मनोरंजन का खास ध्यान रखा गया। महिलाओं के लिए विभिन्न 'ग्रुप गेम्स' आयोजित किए गए,जिसमें सभी ने टीम भावना के साथ हिस्सा लिया। बच्चों के लिए विशेष रूप से 'हाऊजी' और अन्य रोचक खेलों का प्रबंध किया गया,जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

### स्वाद और अपनत्व का संगम

खेलकूद के साथ-साथ सभी सदस्यों ने मिलकर लजीज व्यंजनों का आनंद लिया। वन के शांत वातावरण में घर जैसे अपनत्व और मेल-मिलाप ने पिकनिक के आनंद को दोगुना कर दिया।

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में बीओडी सदस्य मणिका,नेहा,प्रीति एवं मोनिका विशेष रूप से मौजूद रहीं। साथ ही संस्था की मार्गदर्शक और पूर्वाध्यक्षाएँ शशि,मंजूषा, शिल्पी, अर्चना एवं विनीता ने भी शिरकत की। इस अवसर पर स्वजातीय बहनें सरिता, रितु, श्वेता, रूचि, रोशनी, प्रेमा, सोनल, रेशु, हेमलता, प्रियांशी, प्रियंका, सोनाली, आरती सहित बड़ी संख्या में समाज की महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी पीआरओ नमीता एवं जया द्वारा साझा की गई। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से समाज में आपसी सामंजस्य और प्रेम बढ़ता है।

# ध्वनि प्रदूषण पर पुलिस का कड़ा प्रहार: शोर मचाने वाले वाहनों पर चला बुलडोजर

## 125 अमानक साइलेंसर किए गए नष्ट

सतना।



शहर में बढ़ते ध्वनि प्रदूषण और 'पटाखा' छोड़ने वाली बुलेट के खिलाफ यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बीते कुछ महीनों में जब्त किए गए 125 अमानक साइलेंसरों पर बुलडोजर चलवाकर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया।आम जनता की परेशानी को देख चलाया अभियान यातायात पुलिस के अनुसार,शहर में मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर तेज आवाज करने वाले वाहनों की संख्या बढ़ गई थी।इससे बुजुर्गों,बीमार व्यक्तियों और बच्चों को काफी असुविधा हो रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने विशेष अभियान चलाया और मौकेपर ही अमानक साइलेंसर निकलवा कर उन्हें जब्त किया। डीएसपी ट्रैफिक की चेतावनी कार्रवाई के दौरान डीएसपी ट्रैफिक संजय खरे ने बताया कि अधिकांश साइलेंसर बुलेट मोटरसाइकिलों के हैं। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे केवल कंपनी द्वारा निर्धारित मानक साइलेंसरों का ही प्रयोग करें। पुलिस ने स्पष्ट कर दिया है कि शोर मचाने वाले वाहनों के खिलाफ यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर सख्त जुर्माना लगाया जाएगा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के जरिए घर-घर पहुँचेगी उच्च शिक्षा की जानकारी



सतना।

उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, शासकीय महाविद्यालय मझगवां द्वारा जनपद पंचायत मझगवां में 'कॉलेज चलो अभियान' के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के शैक्षणिक स्तर को ऊपर उठाना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बनेंगी शिक्षा की वाहक

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.शैल कुमारी अहिरवार के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में आंगन वाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया। उन्हें महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया और छात्र-छात्राओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई,ताकि वे अपने क्षेत्रों में अभिभावकों और छात्रों को प्रेरित कर सकें।

### प्रमुख योजनाओं पर चर्चा

कार्यक्रम के दौरान डॉ.निशा तिवारी ने छात्राओं और छात्रों के लिए उपलब्ध विशेष योजनाओं पर प्रकाश डाला,जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं गांव की बेटी योजना,प्रतिभा किरण योजना,विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएं,

### प्रशासनिक उपस्थिति और सहभागिता

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में परियोजना अधिकारी अभय कुमार द्विवेदी उपस्थित रहे। श्रीमती करुणा पांडे,श्रीमती अर्चना रजक,दीपक विश्वकर्मा। जनपद पंचायत प्रतिनिधि प्रदीप सिंह उपस्थित रहे।अभियान की टीम में कार्यक्रम का सफल संचालन अमित कुमार कश्यप द्वारा किया गया। इस अभियान को गति देने में 'कॉलेज चलो अभियान' के नोडलअधिकारी अजीत कुमार और सामुदायिक सहभागिता कार्यक्रम प्रभारी डॉ.हामिद अली ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अभियान का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र छात्र जानकारी के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया गौशाला के लिए जमीन का चिन्हांकन

सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शनिवार को नागौद क्षेत्र भ्रमण के दौरान ग्राम पंचायत अमकुई में स्वावलंबी गौशाला के लिए जमीन का चिन्हांकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर विकास सिंह,एसडीएम जितेन्द्र वर्मा,तहसीलदार सहित राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने किये मां शारदा देवी के दर्शन



सतना। मध्यप्रदेश शासन की नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शनिवार को मैहर जिले के प्रवास के दौरान मां शारदा देवी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने प्रदेश वासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### विधायक का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया, राज्यमंत्री ने दी शुभकामनाएँ

मैहर। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी का जन्मदिन 2 जनवरी को संपूर्ण मैहर जिले में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर जिले भर में उत्सव का माहौल रहा,जहाँ समर्थकों,पार्टी कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर अपने जन प्रिय नेता को बधाई दी। इस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन की राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी विशेष रूप से विधायक कार्यालय पहुँचीं।उन्होंने विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी को मिठाई खिलाकर उनका मुँह मीठा कराया और जन्मदिन की आत्मीय शुभकामनाएँ दीं। मंत्री बागरी ने उनके दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की मंगलकामना भी की। **कार्यकर्ताओं में दिखा भारी उत्साह** विधायक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों का भारी हुजूम उमड़ा। उपस्थित लोगों ने विधायक के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में मैहर क्षेत्र विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

### भटिगवाँ में क्रिकेट का महासंग्राम: सांसद प्रतिनिधि ने किया भव्य शुभारंभ

मैहर। नए वर्ष के आगमन के साथ ही भटिगवाँ की धरती पर खेल और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।शनिवार से भटिगवाँ क्रिकेट टूर्नामेंट का विधिवत आगाज हुआ।इस भव्य खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि संतोष सोनी के कर-कमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संतोष सोनी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।उन्होंने कहा,खेल मनोरंजन नहीं,बल्कि युवाओं में अनुशासन,भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का माध्यम है। कार्यक्रम के संरक्षक सरपंच रामसुरेश दहायत एवं उपसरपंच शिव कुमार सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच सूरज सिंह,गोरेलाल सिंह,अजय सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और ग्रामीणजन मौजूद रहे।

### पंचायत कर्मचारियों की हुंकार: 5 जनवरी को भोपाल में होगा महाजुटाव, 'विकास भवन' के सामने शक्ति प्रदर्शन



सतना। मध्यप्रदेश के हजारों पंचायत कर्मचारी अपने हक और सम्मान की लड़ाई के लिए 5 जनवरी को भोपाल में जुटने जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों में कार्यरत चौकीदार, भृत्य, सफाईकर्मी और पंप ऑपरेटर अपनी लंबित मांगों को लेकर विकास भवन के सामने प्रदेश स्तरीय विशाल प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन कामगार क्रांति मंच के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा और पंचायत चौकीदार संघ मध्यप्रदेश के संयोजक डॉ.अमित सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में रीवा,सतना,इंदौर, जबलपुर,ग्वालियर और उज्जैन सहित प्रदेश के सभी संभागों से कर्मचारियों के पहुंचने की संभावना है।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव
उपहार वितरण सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि जन्मदिन उत्सव में भाग्यशाली विजेता अपना उपहार 9 जनवरी 2026 से हरिभूमि कार्यालय, जिला कार्यालय या अपने क्षेत्र के अभिकर्ता से प्राप्त कर सकते है। उपहार प्राप्त करने के लिये अपना पहचान पत्र, माह दिसंबर 2025 हरिभूमि अखबार का मासिक बिल साथ लावें।
समय : सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
नोट : रविवार के दिन उपहार का वितरण नहीं होगा।

## खबर संक्षेप

### खरीदी केंद्र महेवा में परिवहन ठप, भुगतान नहीं मिलने से किसान परेशान



**अमानगंज।** जिले के खरीदी केंद्र महेवा में धान परिवहन की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। समय पर परिवहन नहीं होने के कारण किसानों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट में फंसते नजर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीदी केंद्र महेवा में अब तक 14 हजार 700 कुंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन इसमें से केवल 1 हजार 200 कुंटल धान का ही परिवहन हो पाया है। शेष धान बीते कई दिनों से केंद्र परिसर में रखा हुआ है, और किसान अपनी उपज के साथ वहीं डटे हुए हैं। धान उठाव नहीं होने के कारण खरीदी केंद्र में भंडारण की जगह पूरी तरह भर गई है, जिससे फिलहाल धान खरीदी रोकनी पड़ी है। इससे दूर-दराज से आए किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में कलेक्टर पन्ना द्वारा खरीदी केंद्र का निरीक्षण भी किया गया था, लेकिन निरीक्षण के बाद भी न तो परिवहन शुरू हुआ और न ही जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्यवाही हुई। किसानों का कहना है कि यदि शीघ्र ही धान का परिवहन कराकर लंबित भुगतान नहीं कराया गया, तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर समस्या के समाधान की मांग की है।

### शराब पीकर वाहन चलाना पड़ेगा महंगा - थाना प्रभारी रवि जादौन



**अमानगंज।** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा को लेकर अमानगंज पुलिस सख्त नजर आ रही है। थाना प्रभारी रवि जादौन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी, ऐसे चालकों को अब किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। थाना प्रभारी रवि जादौन ने बताया कि सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से जनवरी माह में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जाएगी और शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान के साथ-साथ चेकिंग अभियान भी तेज किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालान, लाइसेंस निलंबन सहित वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### पटोरी को हराकर कर्मचारी एकादश अगले दौर में



**पवई।** पवई के महाराजा छत्रसाल खेल मैदान में चल रहे विधायक कप पवई प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को खेले गए तीसरे मुकाबले में कर्मचारी एकादश ने पटोरी को आठ विकेट से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। बता दें कि टॉस जीतकर पटोरी की टीम निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 76 रन ही बना सकी। कर्मचारी एकादश की ओर से रवि शंकर सिंह ने एक,गणेश सिंह ने दो, महेश चौहान एक, प्रेम नारायण दो सफलताएं एवं संदीप खटीक ने एक सफलता प्राप्त की। 76 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्मचारी एकादश ने संदीप खटीक के 34 रन एवं हर्षवर्धन द्विवेदी के नाबाद 22 रन और आनंद मिश्रा की छोटी सी परी की बदौलत जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। मैंन ऑफ द मैच संदीप खटीक रहे।

### नींद में अल्टो पेड़ से टकराई, दो की हालत गंभीर

**पन्ना।** पन्ना-छतरपुर रोड स्थित नेशनल हाईवे-39 पर स्मृति वन के पास एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। बताया जा रहा है कि वाहन चालक को अचानक नींद की झपकी आ जाने से यह हादसा हुआ, जिसमें कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर जिला अस्पताल पन्ना पहुंचाया। घायलों की पहचान राजेश गोदारा (निवासी सिंगरौली), देवी सिंह (निवासी सिंगरौली) एवं लाल सिंह भारती (निवासी बिहार) के रूप में हुई है। तीनों छतरपुर से सिंगरौली की ओर यात्रा कर रहे थे।

# युवाओं के संकल्प व उत्साह से गांव से लेकर सिद्धनाथ मंदिर तक राम-नाम संकीर्तन वहीं मंदिर स्थल में भी आज पूर्णमा के दिन अखण्ड रामधुन जारी







### समयके साथ स्वमेव विकास की दिषा तय होती है सिद्धनाथ की कृपा से दिखने लगे आसार विकास स्वमेव जाना जायेगा

**पन्ना।**

जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम फरस्वाहा में सिद्ध सलि अपने आप में एक जैसा नाम वैसा सानि जहां की पहाड़ी में पहुंचते ही सिद्ध क्षेत्र का अनुभव सिद्धनाथ की कृपा से प्रतीत होता है इस सानि में विकास की दिषा तय करने को लेकर ग्राम पंचायत फरस्वाहा के युवाओं का संकल्प व बुजुर्गों का मार्गदर्षन तथा युवाओं की ऊर्जा विकास की दिषा तय करने को लेकर राम नाम संकीर्तन के साथ जहां गांव से राह तय की गई वहीं सिद्धनाथ मंदिर में पहुंचकर युवाओं ने सफाई के कार्य को सिद्दत से किया साथ ही राम नाम संकीर्तन का समापन नववर्श के दिन किया। वहीं आज पूर्णमा के दिन अखण्ड राम नाम संकीर्तन ग्राम लायचा के लोगों के द्वारा जहां पूर्णिमा के दिन अखण्ड कीर्तन को लेकर जो दिषा तय की है उससे निष्चित ही कहीं न कहीं इस सानि के विकास को लेकर भगवान की कृपा स्वमेव झलकने लगी। इतना ही नहीं इस सानि में जहां जैसा नाम सिद्धनाथ वैसा ही सानि सिद्ध सलि यहां पहाड़ी से लेकर आस-पास का क्षेत्र जो सिद्धनाथ मंदिर का है इस क्षेत्र में पहुंचते ही यहां की सिद्धता प्रतीत होने लगती है। ऐसे प्राचीन सिद्ध सलि के विकास को लेकर जहां युवाओं की सोच के चलते धर्मषाला निर्माण वहीं इस सानि में विद्युत की आवष्यकता साथ ही इस सानि के विकास को लेकर जहां वरिश्ठ अधिकारियों, समाजसेवियों, बुद्धजीवियों के मार्गदर्षन में ग्रामीणों के सहयोग से क्रमषः विकास की दिषा योजनाबद्ध तरीके से संचालित मानी जा रही है जिस तरह से इस सानि का नाम है सिद्धनाथ सलि उसी तरह कार्यों को सिद्ध करने के लिये इन्हीं की कृपा से आगे माना जा रहा है। जिस तरह से युवाओं का हौसला वहीं बुजुर्गों का मार्गदर्षन के साथ वहीं समूचे जिले में ऐसा सानि जो कहीं न कहीं अलग ही अपनी सिद्धता को लेकर स्वमेव जाना जाता है। षायद यह समय अपने आप में कहीं न कहीं आने वाले समय के साथ विकास की अविरल धारा प्रवाहित होना मानी जा रही है।

## देवेंद्रनगर की बेटी डॉ. श्रुति अग्रवाल का एमएस के लिए चयन, नगर को मिला गौरव

### पीजी नीट में प्रथम प्रयास में सफलता, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज इंदौर में मास्टर ऑफ सर्जन की पढ़ाई करेंगी

**पन्ना।** देवेंद्रनगर निवासी शिरीष अग्रवाल की सुपुत्री डॉ. श्रुति अग्रवाल ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर एक बार फिर नगर का नाम गौरवान्वित किया है। वर्तमान में पन्ना जिला अस्पताल में पदस्थ डॉ. श्रुति अग्रवाल का पीजी नीट परीक्षा में पहले ही प्रयास में चयन होकर मध्यप्रदेश के सबसे बड़े एवं प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज, इंदौर में हुआ है, जहाँ से वे एमएस (मास्टर ऑफ सर्जन) की उच्च स्तरीय डिग्री प्राप्त करेंगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से न केवल अग्रवाल परिवार, बल्कि समूचा देवेंद्रनगर गर्व और हर्ष से अभिभूत है। नगरवासियों ने इसे देवेंद्रनगर के लिए सम्मान की उपलब्धि बताते हुए डॉ. श्रुति अग्रवाल को बधाइयाँ एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. श्रुति अग्रवाल प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही हैं। देवेंद्रनगर स्थित भारतीय विद्यापीठ में अध्ययनरत रहते हुए उन्होंने कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में मध्यप्रदेश की टॉप-10 सूची में स्थान प्राप्त कर नगर को पहले ही गौरवान्वित कर दिया था। उसी समय से नगरवासियों को यह पूर्ण विश्वास था कि यह प्रतिभाशाली बेटी भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय मुकाम हासिल करेगी, जो आज साकार होता दिखाई दे रहा है। डॉ. श्रुति अग्रवाल की इस उल्लेखनीय सफलता पर भारतीय विद्यापीठ के संचालक नीलवर्ण सिंह जी बुंदेला, पत्रकार विकास परिषद, जीरो सेवा समिति, मसल्क-ए-आला हजरत कमेटी, मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन सहित अनेक सामाजिक, शैक्षणिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा नगरवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयाँ दीं और उनके उज्ज्वल चिकित्सकीय भविष्य की कामना की। डॉ. श्रुति अग्रवाल की यह सफलता देवेंद्रनगर की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह संदेश देती है कि समर्पण, अनुशासन और सतत परिश्रम से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।



# पुलिस द्वारा सुनवानी थाना क्षेत्र में अवैध शराब का परिवहन करने वाले 3 आरोपियों के विरूद्ध की गई वैधानिक कार्यवाही

### आरोपी के कब्जे से 1500 क्वार्टर अवैध शराब एवं घटना में प्रयुक्त स्कॉरपियो वाहन सहित कुल 11 लाख 92 हजार रूपये का मशरूका जप्त

**पन्ना।**



पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमो का गठन किया गया है । इसी क्रम में थाना प्रभारी सुनवानी उनि सरिता तिवारी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप दिनांक 02/01/2026 को थाना प्रभारी सुनवानी को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अज्ञात व्यक्ति नीले रंग के स्कॉर्पियो वाहन से जैतपुर से सुनवानी की ओर अवैध अंग्रेजी शराब लेकर आ रहा है। थाना प्रभारी सुनवानी उनि सरिता तिवारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना सूचना से अवगत कराया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम की मदद से अमित ढाबा के आगे, जैतपुरदृसुनवानी रोड पर चेकिंग लगाई गई। चेकिंग के दौरान मुखबिर के बताये अनुसार नीले रंग के स्कॉर्पियो वाहन को रोका गया, वाहन चालक पुलिस टीम को देखकर वाहन से कूदकर भाग गया तथा चालक के पास बैठा व्यक्ति भी भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लिये जाने पर वाहन में कुल 30 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब (गोवा कंपनी) 1500 क्वार्टर कुल मात्रा करीब 270 लीटर कीमती करीब 1,92,000 रूपये की बरामद हुई । पुलिस टीम द्वारा उक्त शराब के साथ ही घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो वाहन कीमती करीब 10,00,000 रूपये सहित कुल मशरूका कीमती करीब 11 लाख 92 हजार रूपये का जप्त किया गया है । मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर वाहन चालक एवं शराब विक्रेता सहित कुल 03 व्यक्तियों के विरूद्ध थाना सुनवानी में अपराध क्रमांक 2/26 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी -**

नीरज बंजारा, पिता केशव बंजारा उम्र 20 वर्ष निवासी डेरा जैतपुर, थाना किशनगढ़, जिला - छतरपुर (म.प्र.)

**जप्त सामग्री-**

पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से 30 कार्टून गोवा कंपनी की अंग्रेजी शराब (कुल 1500 क्वार्टर) मात्रा करीब 270 लीटर कीमती करीब 1,92,000 रूपये एवं घटना में घटना में प्रयुक्त नीले रंग की पुरानी इस्तेमाली स्कॉर्पियो वाहन कीमती करीब 10 लाख सहित कुल 11 लाख 92 हजार रूपये का मशरूका जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान -**

उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सुनवानी उनि सरिता तिवारी,सउनि प्रेमलाल शर्मा, प्रआर. राघवेंद्र सिंह, सेवकलाल प्रजापति, रामकुमार रजक, अजेश वेदी, आर. भरतमिलाप, म.आर. किरण, चालक आर. प्रभात एवं डायल-112 पायलट ब्रजेंद्र रैकवार की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

# आज विशाल वाहन रैली को सांसद बीडी शर्मा ने दिखाई हरी झंडी क्रिकेट प्रीमियर में दिखा उत्साह






### धरमपुर और अजयगढ़ मंडल के बीच हुआ भव्य रोमांचक मुकाबला

### विधायक कप में अच्छा प्रदर्शन करने वाली युवाओं को मिलेंगे आगे बढ़ाने के अवसर /विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह

**पन्ना।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं डॉ मोहन यादव विजन के तहत आज पन्ना में विधायक कप का शुभारंभ किया गया जहां हजारों कार्यकर्ताओं खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने विशाल वाहन रैली में शामिल होकर एकता और अनुशासन के संदेश दिया। विशाल वाहन रैली छत्रसाल स्टेडियम से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न चौराहा से होते हुए वापस छत्रसाल स्टेडियम में समाप्त हुई जहां नगर की जनता ने फूल और आतिशबाजियों के द्वारा रैली का स्वागत किया। तत्पश्चात छत्रसाल स्टेडियम में आतिशबाजी और मनमोहक बैंड की धुन से खिलाड़ियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि युवा निर्माण से राष्ट्र निर्माण का मजबूत स्तंभ बन रहा है। वहीं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि जब मैं क्षेत्र में जाता था तो युवाओं के द्वारा विधायक कप शुरू करने की बात कही गई क्षेत्र की जनता और युवाओं की खेल के प्रति रुचि देखकर विधायक कप शुरू हो रहा है। इनमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले युवाओं को मेरे माध्यम से आगे बढ़ाने की अवसर दिए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बी.डी. शर्मा मैंने कहा कि हर के बाद जीत सक्षम अनुशासित बनाता है देश में ऐसी संभावनाओं का निरंतर विकास हो रहा है। जैन जी का खेलों के प्रति लगाव देश की ताकत बनेगा उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने की अवसर हैं फिट इंडिया स्कूल गेम्स यूनिवर्सिटी गेम्स के साथ-साथ सांसद खेल महोत्सव विधायक कप में युवाओ को अपने प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ाने के मौके मिल रहे हैं। आतिशबाजी और बैंड की प्रस्तुति विधायक कप के अवसर पर उत्सव जैसा माहौल था स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में आतिशबाजी और बैंड की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही है कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर आसमान में रंगीन गुब्बारे छोड़े गए। अजयगढ़ धर्मपुर में पहला मैच हुआ जिसमें धर्मपुर में दो विकेट से मैच जीता कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडे ने किया एवं संचालन राजकुमार वर्मा ने किया।




## अमानगंज में नियमों की खुलेआम उड़ रही धज्जियां अमीर-गरीब मेला बना प्रशासनिक संरक्षण का उदाहरण

**अमानगंज।** नगर में संचालित अमीर-गरीब मेला इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर प्रशासनिक संरक्षण में फल-फूल रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह मेला सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की ठीक दीवार से सटाकर लगाया गया है, जहां दिनभर शोर-शराबा, झूले और भीड़ की धमा-चौकड़ी से बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह चौपट हो रही है। शिक्षा जैसे संवेदनशील विषय पर भी जिम्मेदारों की आंखों पर पट्टी बंधी हुई है। नगर के स्थायी व्यापारियों के साथ इस मेला को लेकर सीधा छलावा किया गया है। सालभर ईमानदारी से टैक्स चुकाने वाले दुकानदार आज मायूस हैं, जबकि मेला संचालक प्रशासन की मेहरबानी से चंद दिनों में लाखों की कमाई कर रहा है। सवाल यह है कि क्या नियम सिर्फ गरीब दुकानदारों और गुमटियों के लिए हैं, और रसूखदारों के लिए छूट? सबसे बड़ा विरोधाभास यह है कि एक ओर प्रशासन नगर में अतिक्रमण हटाने का ढोल पीट रहा है, वहीं दूसरी ओर मेला परिसर के बाहर सड़क पर खड़े वाहन रोजाना जाम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। राहगीर, स्कूली बच्चे और बुजुर्ग घंटों फंसे रहते हैं। किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार आखिर क्यों किया जा रहा है? मेला के बाहर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा आम बात हो गई है। देर शाम माहौल असुरक्षित हो जाता है, लेकिन न पुलिस दिखती है, न कोई निगरानी। स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। नगरवासियों में यह चर्चा जोरों पर है कि अमानगंज में अमीर-गरीब मेला नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए चल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर आंख मूंदे बैठे हैं। अब सवाल यह नहीं कि नियम टूट रहे हैं, सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है? विशेषज्ञों का मानना है कि हाई कोर्ट के निर्देश अनुसार विद्यालय एवं आवासीय इलाके में ध्वनी विस्तारक यंत्र मेले जैसे बाजार लगाना प्रतिबंध है बाबजूद इसके यह मेंला फल-फूल रहा है। वही मेंला के अंदर बाल श्रमिक भी देखे जा रहे हैं नौवीं क्लास में पढ़ने वाला 15 वर्षीय बालक मेले में काम करता नजर आया जो श्रम विभाग की कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। नियमों की बात करें तो ना तो पार्किंग व्यवस्था है और ना ही मेले में डस्टबिन उपयोग हो रहे हैं। ना तो बिजली के लिए जनरेटर की व्यवस्था है और ना ही टॉयलेट के लिए आप ही अंदाजा लगाइए की मेले दुकान लगाने वाले लोग आखिर नित्य क्रिया के लिए कहां जाते होंगे सबसे बड़ी हैरानी की बात तो यह है कि इस मेले में कहीं पर भी अग्निशामक यंत्र नहीं लगाए गए हैं जिससे कभी भी बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है।



## स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय देवी दयाल पाठक जी की जयंती पर किए गए श्रद्धा सुमन अर्पित





**पन्ना।** बुंदेलखंड के जाने-माने साहित्यकार इतिहासकार दो दर्जन से भी ज्यादा पुस्तकों के लेखक पूर्व शिक्षक अजयगढ़ से प्रकाशित साप्ताहिक समाचार पत्र के प्रधान संपादक रहे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय देवी दयाल पाठक जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई अजयगढ़ नगर के समाजसेवी एवं अजयगढ़ छेत्री विकास संघ के सलाहकार समिति के सदस्य रामेश्वर प्रसाद खरे पूर्व पटवारी अफजल खान शिक्षक मोहम्मद महबूब सुरेश गुप्ता सगीर लखन लाल यादव सद्गुरु नेत्र जांच केंद्र के नेट सहायक लोक गायक हल्के पाल सहित नगर की कई गणमान्य नागरिकों ने स्थानीय थम चौक के पास पाठक निवास में पहुंच करके श्रद्धांजलि अर्पित की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक संस्थान अध्यक्ष राम पाठक द्वारा लोक गायक हल्के पाल को साल अर्पित कर अभिनंदन किया हल्के पाल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कैलाश वासी पाठक जी से बचपन से ही बहुत आदर देते थे उनके जीवन काल में प्रतिवर्ष गांव से साइकिल से आकर के उन्हें महुआ के लड्डू खिलाते थे और स्वरचित गीत का गायन करते थे आज उनकी जयंती पर खोरा से साइकिल से चलकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने आए जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय दैवी दयाल पाठक स्मारक संस्थान द्वारा कैलाश वासी पाठक जी द्वारा लिखित पुस्तक सभी महानुभावों को भेट की की गई इस अवसर पर अजयगढ़ छेत्री विकास समिति के संयोजक श्री राम पाठक जय राम पाठक अनुपम पाठक आलोक पाठक प्रभात पाठक द्वारा सभी महानुभावों को नए साल की शुभकामनाएं अर्पित की गई।

खबर संक्षेप



## जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**छतरपुर।** एक युवक द्वारा अज्ञात जहरीला पदार्थ खाने के बाद उसकी उपचार के दौरान मृत्यु होने का दुखद मामला सामने आया है। तबीयत बिगडने के बाद युवक को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल भेजा गया था, जहाँ चिकित्सकों के अथक प्रयासों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका। मामला चंदला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम व्यास बदौरा का है, जहाँ बीती रात अखिलेश अहिरवार पुत्र रामकिशोर उम्र 20 वर्ष ने अज्ञात जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों द्वारा स्थिति बिगडने पर उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदला ले जाया गया, जहाँ से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा उपचार शुरू किया गया, परंतु विष का असर अधिक होने के कारण इलाज के दौरान ही युवक की मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## शराबी ने नशे की हालत में युवक पर किया जानलेवा हमला



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय पास मौजूद एक गाँव में मामूली विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया जब नशे में धुत्त एक व्यक्ति ने दूसरे व्यक्ति के सिर पर धारदार हथियार से प्रहार कर उसे लहूलुहान कर दिया। इस हमले में युवक को सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे तत्काल उपचार हेतु स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वर्तमान में घायल का उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है, जहाँ उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक ओरछा रोड थाना क्षेत्र के ग्राम सौंरा में बीती रात सोहन अहिरवार पर गाँव के ही भक्ति अहिरवार ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में था और किसी बात को लेकर सोहन से उसकी कहासुनी हो गई थी। आवेश में आकर भक्ति अहिरवार ने सोहन के सिर पर धारदार हथियार से जोरदार वार किया, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। परिजनों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घायल सोहन को छतरपुर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

## आदतन अपराधी को 6 माह तक थाना में उपस्थित होने के दिए निर्देश

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने हिरवारा थाना एनकेजे कटनी निवासी सोनू बर्मन पिता काशी प्रसाद बर्मन उम्र 30 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 6 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री तिवारी ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। सोनू बर्मन के विरूद्ध वर्ष 2012 से अब तक कुल 12 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, जातिगत शब्दों से अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, जुआं एवं सट्टा खेलने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा सोनू के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। सोनू द्वारा आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए कार्रवाई करते हुए आगामी 6 माह तक पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

### हत्या के प्रकरण में 10 हजार का ईनामी कल्लू शुक्ला अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

# जुलाई 2024 में लाठी डंडों से पीटकर की गई थी हत्या

पुलिस प्रशासन द्वारा फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए न्याय पथ अभियान चलाया जा रहा है। और इसी न्याय पथ अभियान के तहत गौरिहार थाना पुलिस ने हत्या के मामले में डेढ साल से फरार चल रहे 10 हजार के ईनामी आरोपी कल्लू शुक्ला निवासी गहबरा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी अद्दी बरामद की है।

गौरिहार।



आपको बता दे कि जुलाई 2024 में थाना गौरिहार अंतर्गत ग्राम गहबरा में कुछ लोगों ने एकत्र होकर पीड़ित के बाहन को रोककर लाठी, डंडों से मारपीट कर हत्या कर दी थी थाना गौरिहार में मृतक लाला भाई उर्फ विजय तिवारी की हत्या करने वाले आरोपियो रबि उर्फ रबिन्द्र अहिरवार, उदयभान उर्फ छोटू शुक्ला, गणेश बाबू शुक्ला, सीताराम शुक्ला जीतेन्द्र उर्फ जीतु अहिरवार, संतेन्द्र अहिरवार पूर्व में गिरफ्तार हुए थे और जेल भी जा चुके थे। लेकिन एक आरोपी कल्लू शुक्ला डेढ साल से फरार चल रहा था जिस पर 10 हजार का ईनाम घोषित किया गया था। आरोपी को ग्राम चुरयारी के पास पहाड़ी से गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 12 बोर देशी अद्दी वा कारतूस जब्त किए गए आरोपी के विरूद्ध अलग से आयुध अधिनियम का मामला पंजीबद्ध किया गया। आरोपी की तलाश जिला अलबर भिवाड़ी राजस्थान सहित विभिन्न ईलाकों में की गई थी आरोपी कल्लू शुक्ला अबैध हथियार एससीएसटी जैसे 8 अपराधों में लिप्त है।



# भारत की प्रथम महिला शिक्षिका के संघर्षों को नाटक से किया गया जीवंत

ईशानगर।

नारी शिक्षा की अग्रदूत और देश की प्रथम महिला शिक्षिका की जयंती शनिवार को ग्राम पहाडग़ांव में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। विद्यालयीन बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों और नाटकों ने समाज में व्याप्त कुरीतियों के विरुद्ध उनके संघर्षमयी जीवन की जीवंत प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित जनसमुदाय भावुक हो उठा।

पहाडग़ांव के गढिय़ा गुरार मोहल्ले में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच प्रतिनिधि अरविंद सिंह बुंदेला और जनपद सदस्य बबलू पाठक उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में सावित्रीबाई फुले के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और शिक्षा की अलख जगाई। कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी के प्रदेश सचिव अमित, डॉ. राजेंद्र सिंह भटनागर, अधिवक्ता एल.पी. कुशवाहा, संजू कुशवाहा, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश रैकवार, इंद्रपाल अहिरवार, प्रेमलाल कुशवाहा, रज्जू कुशवाहा, खेमचंद, भगवान दास रैकवार, अखिलेश कुशवाहा और रामप्यारी अहिरवार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा किए गए गायन और नाटकों की सभी ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की।

# सरवई थाना प्रभारी अपराधों पर रोक के साथ-साथ जमीनी विवाद निपटाने में आगे

### पुलिस और राजस्व विभाग ने साथ मिलकर सुलझाए जमीनी विवाद

सरवई।



थाना प्रभारी पुष्पेन्द यादव जहां अपराधों पर रोक लगाने में सबसे आगे रहतें है, वहीं सरबई थाना में पदस्थ रहते हुए जमीनी मामले निपटाने में भी सबसे अव्वल है। उनके द्वारा नए साल में एक नई पहल शुरू की गई है। और इस नई पहल के तहत लगातार बढ रहे। जमीनी विबादों को निपटाने के लिए थाने में ही जमीन संबंधी आवेदनों की सुनवाई करके उनका निराकरण करने का प्रयास कर रहें है शनिवार को थाना सरबई में थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र यादव, तहसीलदार, आरआई और पटवारी ने मिलकर जमीनी आवेदनो पर सुनवाई की और मौके पर ही उन आवेदनों का निराकरण किया। जमीन संबंधी विवादो का निराकरण करने की पहल शुरू करना सराहनीय कदम है। थाना प्रभारी की इस पहल से सरबई थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीनी विवादों पर कुछ हद तक लगाम लगाई जा सकती है। थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र यादव द्वारा शुरू की गई नई पहल का जहां आम जनता ने स्वागत किया है, तो वहीं उनमें उत्साह भी देखा जा रहा है। थाना प्रभारी जहां भी और जिस थाने में रहे उनका कार्यकाल इसी तरह सराहनीय रहा, चाहे वह अपराध जगत से जुड़े मामले हो या फिर राजस्व संबंधी मामले हो सभी का निराकरण करने में उनकी अहम भूमिका रही है और सरबई क्षेत्र को भी अपराध मुक्त बनाने के साथ साथ जमीनी विवादो को निपटाने में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है।

# क्लीनिंग प्रोडक्ट एवं गौ-आधारित उत्पादों के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ

## महिला स्वावलंबन की दिशा में सूर्या फाउण्डेशन बुन्देलखड का बड़ा कदम



छतरपुर।

महिला स्वावलंबन एवं आर्थिक आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सूर्या फाउंडेशन बुन्देलखण्ड द्वारा क्लीनिंग प्रोडक्ट एवं गौ-आधारित उत्पादों के पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 02 जनवरी से 06 जनवरी 2026 तक ग्राम छठीबम्हौरी, ब्लॉक लवकुशनगर,में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के तीन गाँवों एवं 07 स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के साथ-साथ सूर्या सिलाई प्रशिक्षण केन्द्र की बहनों सहित कुल 30 महिलाएँ उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रही हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार हेतु सक्षम बनाकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एडवोकेट राजेन्द्र सिंह, डायरेक्टर बुन्देली दर्पण ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त माध्यम हैं। दिल्ली से पधारे मास्टर ट्रेनर संजय तिवारी ने पाँच दिवसीय प्रशिक्षण में सिखाए जाने वाले सभी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी और उत्पाद निर्माण की व्यवहारिक बारीकियों से महिलाओं को अवगत कराया। वहीं बुन्देलखण्ड ज़ोन प्रमुख पुरुषोत्तम राणा ने सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए संस्था के कार्यों को महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में सूरज ठाकुर, संजय यादव (पत्रकार), महेन्द्र सिंह, राजू सेन, देवेन्द्र सिंह, अजय राजपूत एवं धर्मेन्द्र सिंह नंदवानी सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को निम्नलिखित उत्पादों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है—डिटर्जेंट पाउडर,डिटर्जेंट लिक्विड,डिश वॉश जेल, टी-पॉल गौ - फिनाइल, टॉयलेट क्लीनर,बाथरूम क्लीनर हैंड वॉश,ग्लास क्लीनर,साबुन,धूप बत्ती कार्यक्रम के समापन के पश्चात 06 जनवरी 2026 से प्रतिभागी महिलाएँ स्वयं उत्पादन कार्य प्रारंभ करने में सक्षम होंगी, जिससे उन्हें आजीविका के नए अवसर प्राप्त होंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायक, सराहनीय एवं दूरगामी प्रभाव वाला प्रयास माना जा रहा है।




# स्वर्गीय पत्रकार ओमप्रकाश तिवारी की 13वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

### पत्रकारों ने लिया जुझारू पत्रकारिता की राह पर चलने का संकल्प

छतरपुर।

जिला मुख्यालय के गांधी आश्रम में शनिवार को छतरपुर के स्वर्गीय पत्रकार ओमप्रकाश तिवारी की 13वीं पुण्यतिथि सादगी और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों और गणमान्य नागरिकों ने उनके जीवन संघर्ष और निर्भीक लेखन को याद करते हुए उन्हें युवा पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक बताया। वहीं पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए सामूहिक रूप से समाज हित में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

स्थानीय गांधी आश्रम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पत्रकार अजय दोसज और अन्य सहयोगियों ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री तिवारी न केवल छतरपुर बल्कि पूरे प्रदेश स्तर पर अपनी जुझारू पत्रकारिता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने समाज के वंचित वर्ग के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया और कभी भी अपनी कलम से समझौता नहीं किया। पत्रकारों ने चर्चा के दौरान कहा कि आज के समय में जब पत्रकारिता के मूल्यों में बदलाव आ रहा है, तब श्री तिवारी जैसे निष्पक्ष और लेखन में समृद्ध पत्रकारों की कमी खलती है। वहीं अन्य पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दिवंगत श्री तिवारी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि युवा पत्रकार उनके पदचिन्हों पर चलकर उनसे सीखें। दिवंगत श्री तिवारी के जीवन से यह ज्ञात होता है कि संघर्षपूर्ण पत्रकारिता कैसे की जाती है। उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में छतरपुर जिले में पत्रकारिता को एक नया आयाम दिया। इस अवसर पर, पत्रकारिता जीवन के संघर्ष को समझना चाहिए। इस कला में ओमप्रकाश तिवारी की भी झलक थी। छतरपुर में पत्रकारिता जगत में स्वर्गीय श्री तिवारी का हमेशा एक अलग ही स्थान रहा है।

# पुलिस और राजस्व विभाग ने साथ मिलकर सुलझाए जमीनी विवाद

छतरपुर।

जमीनी विवादों के बढ़ते मामलों और इसके कारण उत्पन्न होने वाली कानून-व्यवस्था की चुनौतियों को देखते हुए पुलिस एवं राजस्व विभाग ने एक अभिनव समन्वय स्थापित किया है। इसके अंतर्गत विवादित आवेदनों का त्वरित एवं संतोषजनक निराकरण करने हेतु थाने में ही संयुक्त जनसुनवाई आयोजित की गई।



यह सराहनीय आयोजन छतरपुर जिले के सरवई थाना परिसर में शनिवार को संपन्न हुआ, जहाँ थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र यादव की विशेष पहल पर तहसील प्रशासन की पूरी टीम एक ही छत के नीचे एकत्रित हुई। जनसुनवाई के दौरान सरवई तहसीलदार के साथ राजस्व निरीक्षक और संबंधित हल्का पटवारियों ने लंबित आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की और तकनीकी पहलुओं की जाँच की। थाना प्रभारी पुष्पेन्द्र यादव ने बताया कि थाने में आने वाले अधिकतर विवादों की जड़ भूमि विवाद ही होती है, इसलिए राजस्व विभाग के साथ मिलकर सीधे आवेदकों की मौजूदगी में सुनवाई की गई ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस दौरान कई वर्षों से लंबित सीमांकन और मेढ़ विवादों को आपसी सुलह के माध्यम से मौके पर ही समाप्त कर दिया गया। अधिकारियों की इस सक्रियता और संयुक्त कार्यप्रणाली से न केवल विभागीय तालमेल बढ़ा है, बल्कि जनता का प्रशासन के प्रति विश्वास भी सुदृढ़ हुआ है।

**खबर संक्षेप**

### औद्योगिक क्षेत्र घूमा में भूखंड आवंटन के लिए आवेदन पत्र 15 जनवरी तक

**रीवा।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा रीवा जिले के विभागीय औद्योगिक क्षेत्र घूमा में रिक्त औद्योगिक भूखंडों के आवंटन हेतु एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट आमंत्रित किया गया है। इच्छुक उद्यमी 15 जनवरी को शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रत्येक भूखंड के लिए आवेदन शुल्क पाँच हजार रुपए है, जो वापस नहीं होगा। ईओआई जमा करने से पहले आवेदक का विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर संबंधित विवरण के साथ पंजीकृत होना अनिवार्य है। आवेदन भूखंड के आरक्षित प्रीमियम के 25 प्रतिशत अग्रिम राशि के भुगतान के साथ ही मान्य होगा। भूखंडों का अंतिम आवंटन मध्यप्रदेश एमएसएमई को औद्योगिक भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा। निविदा, प्रक्रिया एवं तकनीकी शर्तों जैसे विस्तृत जानकारी विभागीय पोर्टल mpmsme.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। यह आमंत्रण उन गंभीर निवेशकों और उद्यमियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो रीवा जिले के घूमा औद्योगिक क्षेत्र में अपनी इकाइयाँ स्थापित या विस्तारित करना चाहते हैं।

### शासकीय स्कूल के खेल मैदान में आदिवासियों ने किया कब्जा, प्रशासन और पुलिस ने कराया खाली

**रीवा।** जिले के जनपद सिरमौर अंतर्गत ग्राम पंचायत डीही की सरकारी स्कूल की जमीन में ग्रामीणों द्वारा 2 हेक्टर जमीन पर अवैध सांकेतिक कब्जा कर लिया,जिसकी शिकायत सरपंच सहित ग्रामीणों द्वारा प्रशासन और पुलिस से की गई। शिकायत मिलने के बाद मौके पर तहसीलदार अनुपम पांडेय सहित थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी पहुंचे और स्कूल की सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे आदिवासी परिवारों को समझाइश देकर अतिक्रमण हटवाया गया।इस पूरे मामले को लेकर तहसीलदार सिरमौर अनुपम पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि सिरमौर जनपद अंतर्गत ग्राम डीही में शासकीय स्कूल की के खेल मैदान पर दो दिन पूर्व 40 से ज्यादा आदिवासी परिवारों द्वारा सांकेतिक कब्जा कर लिया गया था जिसकी सूचना ग्राम पंचायत के सरपंच सहित स्थानीय लोगों द्वारा दी गई थी इसके बाद एसडीएम सिरमौर दृष्टि जायसवाल के निर्देश पर तहसीलदार अनुपम पांडे थाना प्रभारी सिरमौर दीपक तिवारी मौके पर पहुंचे और सभी अतिक्रमण कारियों को समझाइए देकर स्कूल के खेल परिसर को खाली कराया है तहसीलदार अनुपम पांडे ने बताया कि जल्द ही इस भूमि का सीमांकन कर इसको सुरक्षित करने का भी कार्य किया जाएगा।

### टेकुआ नाले पर भू-माफियाओं का कब्जा, जांच में सही पाई गई शिकायत के बावजूद कार्रवाई शून्य

**रीवा।** जिले में भू-माफियाओं के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे अब नदी-नालों को पाटकर खुलेआम अवैध प्लॉटिंग कर रहे हैं। ताजा मामला रीवा शहर से सटे टेकुआ नाले का सामने आया है, जहां शासकीय नाले को पाटकर न सिर्फ अवैध प्लॉटिंग कर दी गई, बल्कि आम लोगों के उपयोग के लिए रास्ता भी बना दिया गया। हैरानी की बात यह है कि शिकायत सही पाए जाने और राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट आने के बावजूद अब तक किसी भी जिम्मेदार के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।इस पूरे मामले की शिकायत रीवा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता बीके माला द्वारा संभागायुक्त कार्यालय में दर्ज कराई गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि टेकुआ नाला, जो राजस्व के शासकीय अभिलेखों में दर्ज है, उस पर भू-माफियाओं ने कब्जा कर लिया है और नाले को पाटकर प्लॉटिंग का कारोबार किया जा रहा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संभागायुक्त कार्यालय के निर्देश पर राजस्व विभाग की एक जांच टीम गठित की गई। जांच दल में शामिल राजस्व निरीक्षक (आरआई) और पटवारी द्वारा मौके पर सीमांकन किया गया।

# कोहरे की चादर ने बढ़ाई ठिठुरन, ठंडी हवाओं का कहर दोपहर बाद भी नहीं हुए सूर्य भगवान के दर्शन

समूचे विन्ध्य में इन दिनों कड़ाके की सर्दी पड़ रही है आलम यह है कि कोहरे की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। यही नही शनिवार की सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा पड़ा हुआ है जिसकी वजह से लोग घरों में दुबके रहे। नए साल के दूसरे दिन मौसम के मिजाज में काफी बदलाव देखने को मिला है।





रीवा।

बर्फीली उत्तरी हवाओं के कारण दिन के तापमान में गिरावट आई है, जिससे जनजीवन पर ठंड का असर साफ दिखाई दिया। दिन के तापमान में गिरावट से जहां सूरज के तेवर ढीले रहे, वहीं उत्तर पूर्वी हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी। शुक्रवार को रीवा का न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, एक दिन पहले 7.6 था।वहीं, दिन का अधिकतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस रहा। इसमें 24 घंटे में 2.7 डिग्री गिरावट दर्ज हुई है। हवा में नमी का स्तर सुबह के समय 93 प्रतिशत के उच्च स्तर पर था, जो शाम तक घटकर 60 प्रतिशत रह गया। वर्तमान में 4 किमी प्रति घंटे की धीमी गति से उत्तर-पूर्वी हवाएं चल रही हैं, जिससे शाम ढलते ही ठिठुरन बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार, 3 जनवरी 2026 की सुबह 8.30 बजे तक जिले में मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन अति घना कोहराछाए रहने की गंभीर चेतावनी जारी की गई है। कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो सकती है, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों पर वाहन चलाना जोखिम भरा हो सकता है।पारा में और होगी गिरावटआगामी 24 घंटों में मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा, लेकिन उसके पश्चात अगले 3 दिनों के भीतर तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की और गिरावट होने की प्रबल संभावना है। यानी आने वाले दिनों में कड़ाके की शीत लहर की स्थिति बन सकती है। वाहन चालक कोहरे के दौरान सावधानी बरतें, फॉग लाइट्स का उपयोग करें और गति धीमी रखें। गिरते तापमान और उच्च आर्द्रता के कारण बुजुर्गों और बच्चों को सांस संबंधी समस्याओं से बचने के लिए गर्म कपड़ों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मौसम शुष्क रहने की संभावना है, इसलिए किसान फसलों की स्थिति के अनुसार हल्की सिंचाई का प्रबंधन कर सकते हैं।

# सीईओ जिला पंचायत ने खरीदी केन्द्र का किया निरीक्षण



रीवा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्रामीण क्षेत्र के भ्रमण के दौरान गंगेव जनपद अन्तर्गत दुअरा-1 धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गुर्जर ने निरीक्षण करते हुए कहा कि किसानों से निर्धारित मात्रा में धान लें। खरीदी केन्द्र में पर्याप्त तौलकांटे की व्यवस्था करें जिससे किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो। जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम खरीदी केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराएं। समिति प्रबंधक तथा खरीदी केन्द्र प्रभारियों को निर्देश देते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि किसानों से उपार्जित धान को व्यवस्थित स्टैगिंग कराकर रखें। उपार्जित धान का समय पर परिवहन कराकर सुरक्षित भण्डारण कराएं। धान लेते समय गुणवत्ता की निगरानी अवश्य करें। उपार्जित धान को गोदाम में पहुंचाकर स्वीकृति पत्रक जारी कराएं जिससे किसान को समय पर भुगतान हो सके। निरीक्षण के समय संबंधित अधिकारी तथा किसान उपस्थित रहे।

## नगर निगम की कायाकल्प 2.0 योजना के तहत गुलाब नगर में विकास कार्यों की शुरुआत

रीवा।



नगर पालिक निगम रीवा के जोन क्रमांक-03 अंतर्गत वार्ड क्रमांक-15 के गुलाब नगर क्षेत्र में कायाकल्प 2.0 योजना के तहत आरसीसी सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। क्षेत्रीय विकास को गति देने वाले इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ बृजेश मिश्रा द्वारा नारियल फोड़कर किया गया। यह निर्माण कार्य त्रियुगीनारायण के निवास से प्रारंभ होकर बालगोविन्द चतुर्वेदी, विश्म्भर प्रसाद तिवारी, श्रीमती समुन्द्री पटेल के घर होते हुए शम्भू शुक्ला के घर के सामने स्थित नाले तक किया जाएगा। कार्य की कुल अनुमानित लागत लगभग 22.65 लाख रुपये निर्धारित की गई है। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य को अनुबंध की शर्तों के अनुरूप 4 माह की समय-सीमा में (वर्षाकाल सहित) निर्धारित गुणवत्ता एवं मापदण्डों के अनुसार पूर्ण किया जाएगा। इस परियोजना के पूर्ण होने से गुलाब नगर क्षेत्र के स्थानीय निवासियों को बेहतर जलनिकासी व्यवस्था के साथ-साथ आवागमन की सुविधा भी सुचारू रूप से उपलब्ध हो सकेगी।कार्य शुभारंभ अवसर पर बृजेश मिश्र, शंभू प्रसाद शुक्ला, विनोद तिवारी, एच.पी. गौतम, रामसुमन तिवारी, चंद्रवली पटेल, रमेश तिवारी, नितिन जायसवाल, अनिल द्विवेदी, के.पी. मिश्रा, विनीत मिश्रा, रोहित दुबे, आर.के. दुबे, शंभू प्रसाद दुबे, अंजनी पटेल, जी.पी. सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अशोक पटेल एवं नगर निगम के उपयंत्री शुभम तिवारी की भी विशेष उपस्थिति रही। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही सड़क व जलनिकासी की समस्या के समाधान की दिशा में इस पहल का स्वागत करते हुए नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गढ़ में चोरों का आतंक, लोगों ने आरोपी को खंभे से बांधा



रीवा।

जिले के गढ़ थाना क्षेत्र इन दिनों चोरों का आतंक बना हुआ है। जिस तरह से चोरों का गिरोह सक्रिय है उससे स्थानिय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। जनकारी के अनुसार गढ़ थाना अंतर्गत ग्राम हिनौती में चोरों ने बीती रात 7 दुकानों के ताले तोड़े। आहट मिलने पर स्थानीय लोगों की नींद खुल गई और मौके से एक युवक को पकड़ लिया। उसकी धुनाई कर पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रिंस चतुर्वेदी निवासी हिनौता को गिर तार कर लिया है। मौके से एक युवक को पकड़ने के साथ ही स्कूटी और सब्बल भी जब्त हुई है। पकड़े गए युवक से पुलिस पूछताछ कर यह जानकारी जुटा रही है कि दुकानों के ताले तोड़ने वालों में और कौन-कौन साथ रहे हैं।सेंट्रल लॉक होने से बच गया सामान और कैशगांव में सड़क किनारे स्थित संतोष उपाध्याय, भीमसेन गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, दिनेश गुप्ता, प्रवीण चतुर्वेदी, ऋषि पटेल और श्रवण गुप्ता की दुकानों में चोरी का प्रयास हुआ है। बताते है कि दुकानदारों से सुरक्षा की दृष्टि से सेंट्रल लॉक भी लगा रखा था। चोरों ने शटर के साइड में लगे ताले तोड़े, लेकिन सेंट्रल लॉक लगा होने की वजह से सफल नहीं हो पाए।

# आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना से डेयरी व्यवसाय का सुनहरा अवसर

रीवा।

पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। इस योजना में 75 प्रतिशत राशि बैंक ऋण के माध्यम से दी जाती है। शेष 25 प्रतिशत राशि हितग्राही को अंशदान के रूप में देनी होती है। योजना में 7 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति अनुदान का भी लाभ दिया जाता है। इस संबंध में संयुक्त संचालक डीएस बघेल ने बताया कि योजना के लिए पशुपालक के पास कम से कम 5 पशु और एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशुओं की संख्या में वृद्धि होने पर उसी के अनुपात में कृषि भूमि का निर्धारण किया जाता है। योजना की एक इकाई में 5 भैंस होने पर 4 लाख 25 हजार रुपए तथा 5 शंकर नस्ल की गाय होने पर 3 लाख 82 हजार रुपए एवं देशी गाय होने पर 2 लाख 43 हजार 750 रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। 10 दुधारू पशुओं के होने पर 10 भैंसों में 8 लाख 40 हजार, शंकर गाय के लिए 7 लाख 51 हजार रुपए तथा 10 देशी गाय के लिए 4 लाख 75 हजार रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। इस योजना में सामान्य वर्ग के पशुपालक को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए मार्जिन मनी सहायता के रूप में दिया जाता है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 2 लाख रुपए मार्जिन मनी के रूप में दिया जाता है। पशुपालन विभाग के माध्यम से प्रकरण बैंकों में भेजे जाते हैं। बैंक से प्रकरण स्वीकृत होने के बाद हितग्राही को इकाई लागत की राशि प्रदान की जाती है। इस योजना में इकाई लागत की 75 प्रतिशत राशि पर बैंक की कुल ऋण राशि में 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान दिया जाता है। इसकी राशि अधिकतम 25 हजार रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित है। जिले में कई पशुपालक इस योजना से सफलतापूर्वक डेयरी इकाई संचालित कर रहे हैं।03/01/2026, 7:52pm - ऋषभ पांडे रीवा: आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका पदों के लिए आवेदन 10 जनवरी तकआंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 22 तथा सहायिका के 52 पदों में होगी भर्तीरीवा । महिला एवं बाल विकास के तहत संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के 22 पदों और सहायिका के 52 पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके लिए केवल ऑनलाइन आवेदन 10 जनवरी तक किया जा सकता है। पात्र महिला उम्मीदवार एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल पर 10 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह ने बताया कि सभी पद पूरी तरह से अस्थाई और मानदेय पर आधारित हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के लिए परियोजना रायपुर क्रमांक एक में तीन, रीवा शहरी में एक, जवा में चार, रीवा ग्रामीण में एक, सिरमौर एक में चार, सिरमौर दो में एक, त्योंथर में एक, रायपुर कर्चुलियान परियोजना दो में दो, गंगेव परियोजना दो में तीन तथा रीवा परियोजना दो में दो पदों पर भर्ती की जा रही है। आंगनवाड़ी सहायिका पद के लिए परियोजना रायपुर क्रमांक एक में पाँच, रीवा शहरी में 10, जवा में 11, परियोजना गंगेव एक में तीन, रीवा ग्रामीण एक में दो, सिरमौर एक में चार, सिरमौर दो में दो, त्योंथर में चार, रायपुर कर्चुलियान परियोजना दो में दो, गंगेव परियोजना दो में चार तथा रीवा परियोजना दो में पाँच पदों पर भर्ती की जा रही है। शैक्षणिक योग्यता तथा अन्य अर्हताओं की जानकारी चयन पोर्टल पर देखी जा सकती है। आवेदन जिस आंगनवाड़ी केन्द्र के लिए किया गया है आवेदिका को ग्रामीण क्षेत्र में उसी ग्राम तथा शहरी क्षेत्र में उसी वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्डरी पास निर्धारित की गई है। आवेदिका की आयु एक जनवरी 2025 की स्थिति में 18 से 35 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। आवेदन पत्र भरने के बाद यदि उसमें किसी तरह की त्रुटि अथवा सुधार की जरूरत है तो उसे 12 जनवरी तक सुधार करने का अवसर रहेगा। आवेदन पत्र केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे।

# ढनगन में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, 204 हितग्राहियों को मिला स्वास्थ्य लाभ

मऊगंज

संपूर्ण सुरक्षा केंद्र मेडिकल कॉलेज रीवा और सिविल अस्पताल मऊगंज के संयुक्त तत्वाधान में जिले के जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत ढनगन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमेंजिला क्षय अधिकारी डॉ अनुराग शर्मा के निर्देशनुसार एवं बीएमओ मऊगंज डॉ प्रदुमन शुक्ला के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य शिविर मे 204 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया स्वास्थ्य शिविर में डॉ सुदीप तिवारी और डॉ आशीष पटेल एंव डॉ आर डी साकेत ने हितग्राहियों का स्वाथ्य परीक्षण किया स्वास्थ्य शिविर में 23 लोगो का स्पुटम जॉच हेतु एकत्रित किया गया और 02 मरीजों की दवा चालू की गई इस शिविर में 165 एच आई व्ही वी, सिफ्लिस और हेपेटाइटिस बी सी और 132 मरीजो का बी पी तथा 95 मरीजों का शुगर जांच की गई एन सी जांच 05 तथा चर्म रोग 02 लोगों को चिन्हित




किया गया और 05 एक्लाइंट एस टी आई की शिकायत बताई गई और सभी का सफल स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एस एस के मैनेजर पुष्पराज विश्वकर्मा द्वारा आम जनमानस को टीवी मुक्त भारत के अंतर्गत सभी वर्नेबल क्षेत्र के आम जनमानस को अधिक से अधिक अपना टीवी स्क्रीनिंग करवाये, जिससे टीवी मुक्त भारत बनाया जा सके, और एचआईवी सिफलिस जांच बहुत आवश्यक है साथ ही सभी को एचआईवी स्टेटस पता होना चाहिए अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 कॉल करके में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं, इस स्वास्थ्य शिविर में सेक्टर सुपरवाइजर संतोष चतुर्वेदी, एलटी सुनील मिश्रा, काउंसलर अनिरुद्ध सिंह, फामासिस्ट संदीप सिंह,सीएचओ तृप्ति नामदेव, सीएचओ प्रिया सिंह, एएन एम मृदुला पटेल , एएनएम कुसुमवती पटेल,एसएसके ओ आर डब्ल्यू जैनेन्द्र श्रीवास्तव, एस एस के डब्ल्यू लवकुश वर्मा, ओआरडब्ल्यू रामकृपाल सिंह टी एस एस सुमित देवी द्विवेदी तथा सभी आशा उपस्थित रहकर स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाया